दैनिक
न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, गुरुवार 10 अगस्त 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 313

महत्वपूर्ण एवं खास

बुलंदशहर में बगैर पंजीकरण संचालित नौ अस्पताल सील

बुलंदशहर (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर जिला प्रशासन ने अवैध रूप से संचालित अस्पतालों पर बड़ी कार्रवाई करते हुये नौ अस्पतालों को सील कर दिया है। जिलाधिकारी सीपी सिंह ने बुधवार को बताया कि स्वास्थ्य विभाग को जानकारी मिली थी कि मानकों को नजरंदाज करते हुए जिले में फर्जी अस्पताल काम कर रहे हैं। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) विनय कुमार को ऐसे अस्पतालों को सील करने के निर्देश दिए थे। सीएमओ ने एसीएमओ डा सुनील कुमार के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों की टीम गठित कर मंगलवार देर शाम से एक अभियान चलाया जिसमें बिना पंजीकरण चल रहे अस्पतालों पर छापेमारी की गयी और अनूपशहर में चार, शिकारपुर एवं डिबाई में दो-दो तथा कस्बा दानपुर में एक फर्जी अस्पतालों को सील किया गया। उन्होंने बताया कि अवैध अस्पतालों के खिलाफ जिला अस्पताल की कार्रवाई जारी रहेगी।

भूस्खलन के कारण जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग पर यातायात अवरुद्ध, अमरनाथ यात्रा पर लगी रोक

श्रीनगर (आरएनएस)। रामबन जिले में भूस्खलन के कारण बुधवार को जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग अवरुद्ध हो गया, जिससे जम्मू से श्रीनगर तक अमरनाथ यात्रा अस्थारयी तौर पर रोक दी गई। अधिकारियों ने कहा कि रामबन जिले में राजमार्ग पर भूस्खलन के कारण जम्मू से श्रीनगर जाने वाले यात्रियों और श्रीनगर से जम्मू लौटने वाले तीर्थयात्रियों की आवाजाही निलंबित कर दी गई है। अधिकारियों ने कहा, रामबन जिले के टी2 मरोग में भूस्खलन से राजमार्ग अवरुद्ध हो गया है। सडक़ से मलबा हटाने तक अमरनाथ यात्रा निलंबित रहेगी। इससे पहले ट्रैफिक पुलिस ने एक एडवाइजरी जारी कर कहा था, लोगों को सलाह दी जाती है कि वे यातायात नियंत्रण इकाई से पुष्टि के बिना एनएच-44 पर यात्रा न करें। ट्रैफिक पुलिस ने कहा कि मलबा हटाने का काम जारी है।

मध्यप्रदेश में नरसिंहपुर का फर्जी कलेक्टर पुलिस की गिरफ्त में आया

जबलपुर (आरएनएस)। मध्य प्रदेश की जबलपुर पुलिस ने एक ऐसे व्यक्ति को पकडा है, जिसने खुद को नरसिंहपुर का कलेक्टर होने का दावा किया, साथ ही सोशल मीडिया पर तस्वीर भी जारी कर दी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, पकड़े गए व्यक्ति का नाम राहुल गिरि है और वह खुद को आईएएस बताता था। साथ ही, उसने नरसिंहपुर का कलेक्टर होने का दावा करते हुए एक तस्वीर भी सोशल मीडिया पर साझा की, जिसमें वह एक कुर्सी पर बैठा है और पीछे नरसिंहपुर कलेक्टर लिखा हुआ है। पुलिस ने राहुल गिरि को तिलवारा क्षेत्र से गिरफ्तार किया है और उसके मोबाइल फोन से कई ऐसी तस्वीरें बरामद की गई हैं जो उसने एडिट करके तैयार की थी। गोंदिया निवासी राहुल जबलपुर में एक किराए के मकान में रहता है। उसने सोशल मीडिया पर जो तस्वीर साझा की, उसमें उसने खुद को नरसिंहपुर का कलेक्टर होने के साथ मध्यप्रदेश शासन का अपर सचिव भी बताया है। पुलिस ने राहुल से जब पूछताछ की तो उसने स्वीकार किया कि वह ज्यादा पढ़ा-लिखा तो नहीं है, मगर वह आईएएस बनना चाहता था। इसी शौक को पूरा करने के लिए उसने फोटो एडिट की और खुद को आईएएस बताना शुरू कर दिया। राहुल ने कई नेताओं के साथ वाली अपनी फोटो भी फर्जी तरीके से तैयार की है।

सोमालिया में हैजा से 30 की मौत, डब्ल्यूएचओ ने तेज की गतिविधियां

मोगादिशू। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने सोमालिया में हैजा के कारण जनवरी से अब तक 30 लोगों की मौत के बाद लोगों की जान बचाने और हैजा फैलने से रोकने के लिए अपनी गतिविधियां तेज कर दी है। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि सोमालिया में 2022 से 28 जिलों में और 2017 के सूखे के बाद से बनादिर क्षेत्र में हैजा का निर्बाध संचरण हुआ है। डब्ल्यूएचओ ने कहा, 2023 के महामारी विज्ञान सप्ताह 1 के बाद से सोमालिया के 28 जिलों में हैजा के कारण 30 लोगों की मौत हुयी है और इसके कुल 11,704 संदिग्ध मामले सामने आए हैं। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि जुलाई के अंत में सोमालिया 28 जिलों में लगभग 235 नए संदिग्ध मामले सामने आए, लेकिन राहत की बात यह है कि इसके कारण किसी की मौत नहीं हुयी। डब्ल्यूएचओ के अनुसार उपर्युक्त जिलों से रिपोर्ट की गई कुल मृत्यु दर 0.3 प्रतिशत है, जो एक प्रतिशत से अधिक की आपातकालीन सीमा से नीचे है।

चांद के और करीब पहुंचा चंद्रयान-3, तीसरी कक्षा में हुई सफल एंट्री

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन का महत्वाकांक्षी चंद्रयान-3 मिशन अब अपने लक्ष्य के बेहद करीब है। आज चंद्रयान-3 चंद्रमा की ओर एक कदम और चलने वाला है। इसरो ने इसकी एक और कक्षा घटा दी है। चंद्रयान 3 तीसरी कक्षा में प्रवेश कर गया है। यानी अब यह चंद्रमा के और करीब से चक्कर लगाएगा। इससे पहले रविवार को इसकी कक्षा घटाई गई थी और 170एक्स14313 किलोमीटर की अंडाकार ऑर्बिट में चक्कर लगा रहा है। अब यह 174एक्स1437 किमी की कक्षा में चक्कर लगाएगा।

इससे पहले 5 अगस्त को चंद्रयान चंद्रमा के गुरुत्वाकर्षण के संपर्क में आया था और इसकी कक्षा में स्थापित हो गया था। यह इसरो के लिए बड़ी सफलता थी। बता दें कि 22 दिन के सफर के बाद चंद्रयान चांद की कक्षा में पहुंचा था।इसकी गति को कम कर दिया गया था जिससे यह चंद्रमा के गुरुत्वाकर्षण से प्रभावित हो सके। इसके बाद याने के

फेस को पलटा गया और आधे घंटे तक फायर किया गया।

चंद्रमा के करीब पहुंचते ही चंद्रयान ने सुंदर तस्वीरें भेजी थीं। इसरो ने वेबसाइट पर इसका वीडियो अपलोड कियाथा। लैंडर और रोवर के चंद्रमा पर उतरने से पहले चंद्रयान अभी दो बार और अपनी कक्षा बदलेगा। यह धीरे-धीरे चंद्रमा के करीब ही जाता रहेगा। इसके बाद लैंडर रोवर के साथ सॉफ्ट लैंडिंग करेगा। खास बात है कि भारत चंद्रयान की लैंडिंग दक्षिणी ध्रुव पर कराने वाला है जहां अभी किसी देश ने लैंडिंग नहीं करवाई है।

चंद्रयान के लैंडर और रोवर चांद पर 14 दिन तक प्रयोग करेंगे। पहले लैंडर उतरेगा और फिर उसमें से रोवर बाहर आएगा। रोवर बाहर कुछ दूर तक चलकर रिसर्च करेगा और सारी जानकारी लैंडर को देगा। लैंडर सारी इन्फॉर्मेशन ऑर्बिटर को पास करेगा जो कि धरती तक ट्रांसमिशन करेगा। इससे चंद्रमा की मिट्टी का अध्ययन किया जाएगा साथ ही पता लगाया जाएगा कि चंद्रमा पर भूकंप कैसे आते हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि दक्षिणी ध्रुव बेहद ठंडा रहता है ऐसे में यहां पानी की मौजूदगी की भी जानकारी मिल सकती है। 14 दिन के बाद इस हिस्से में अंधेरा होने लगेगा।

इंजन फेल होने पर भी चंद्रमा की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग करेगा विक्रम

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के प्रमुख एस सोमनाथ ने बताया कि भारत के तीसरे चंद्र मिशन चंद्रयान-3 का लैंडर विक्रम 23 अगस्त को इंजन फेल होने की स्थिति में भी चंद्रमा की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग करेगा। एनजीओ दिशा भारत द्वारा आयोजित चंद्रयान -3 : भारत का गौरव अंतरिक्ष मिशन पर एक बातचीत में भाग लेते हुए उन्होंने कहा कि भले ही सभी सेंसर और दो इंजन काम करने में विफल हो जाएं, फिर भी सॉफ्ट लैंडिंग सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि इसरो टीम के सामने सबसे बड़ी चुनौती क्षैतिज विक्रम को चंद्रमा की सतह पर लंबवत रूप से उतारना है। सोमनाथ ने कहा कि एक बार जब लैंडर ऑर्बिटर से अलग हो जाएगा, तो यह क्षैतिज रूप से चलेगा। कई युद्धाभ्यासों के बाद चंद्रमा पर सुरक्षित लैंडिंग सुनिश्चित करने के लिए विक्रम को ऊर्ध्वाधर स्थिति में लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्षैतिज से ऊर्ध्वाधर दिशा में स्थानांतरित करने की क्षमता वह चाल है, जिसे खेला जाना है। पिछली बार केवल यहीं हमें समस्याएं थीं। इसरो प्रमुख ने कहा कि इसरो चंद्रयान-2 प्रयास के दौरान चंद्रमा की सतह पर अपने लैंडर को सुरक्षित रूप से उतारने में विफल रहा था। उन्होंने कहा कि लैंडर 'विक्रम' का डिज़ाइन यह सुनिश्चित करने के लिए बनाया गया है कि यह विफलताओं को संभाल सके।

उन्होंने कहा कि अगर सब कुछ विफल हो जाता है, सभी सेंसर काम करना बंद कर देते हैं और कुछ भी काम नहीं करता है, तब भी लैंडर विक्रम सॉफ्ट-लैंडिंग करेगा, बशर्ते प्रणोदन प्रणाली अच्छी तरह से काम करे। मिशन चंद्रयान-3 14 जुलाई को शुरू हुआ और अंतरिक्ष में विस्फोट के बाद यह 5 अगस्त को चंद्र कक्षा में प्रवेश कर गया। 9, 14 और 16 अगस्त को तीन और डी-ऑर्बिटिंग युद्धाभ्यास होंगे, जब तक कि चंद्रमा से इसकी कक्षा 100 किमी & 100 किमी तक कम नहीं हो जाती।.

ऐसा इसे चंद्रमा के करीब लाने के लिए किया जाएगा, ताकि यह 23 अगस्त को चंद्रमा की सतह पर उतर सके। लैंडर डीबूस्ट के तुरंत बाद एक लैंडर प्रोपल्शन मॉड्यूल पृथक्करण अभ्यास शुरू किया जाएगा, एक प्रक्रिया जो यान को धीमा कर देती है, जो इसरो प्रमुख ने कहा कि इसके बाद 23 अगस्त को चंद्रमा की सतह पर लैंडिंग की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि यह सुनिश्चित करना एक चुनौती है कि कम ईंधन की खपत हो। उन्होंने कहा, इस बार इसरो टीम ने यह सुनिश्चित किया कि विक्रम उचित लैंडिंग का प्रयास करे, भले ही गणना में कुछ भिन्नताएं हों।

मुकेश अंबानी ने बेचा न्यूयॉर्क का लग्जरी फ्लैट, करीब 75 करोड़ रुपए में फाइनल हुई डील

नई दिल्ली (आरएनएस)। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति हैं और वह दुनिया की सबसे महंगी आवासीय इमारत मुंबई स्थित एंटीलिया में रहते हैं, जिसकी कीमत 15,000 करोड़ रुपये से अधिक है। मुकेश अंबानी ने न्यूयॉर्क के मैनहट्टन में अपना एक आलीशान फ्लैट 74.53 करोड़ रुपये (9 मिलियन डॉलर) में बेचा है।

बता दें, चौथी मंजिल का यह फ्लैट 2,406 वर्ग फुट में फैला हुआ है। इसमें दो बेडरूम हैं, तीन बाथरूम, एक शेफ किचन, 10 फुट ऊंची छत, हेरिंगबोन हार्डवुड फ्लोर और न्वाइज प्रूफ विंडो हैं। न्यूयॉक के इस बिल्डिंग में अंबानी के पड़ोसियों में हिलेरी स्वैंक और मार्क जैकब्स शामिल थे। वहीं, यहां से हडसन नदी का शानदार व्यू भी मिलता है।

सुपीरियर इंक के नाम की यह इमारत 17 मंजिला है। यह मूल रूप से सुपीरियर इंक फैक्ट्री के रूप में कार्य करती थी। इसकी शुरुआत साल 1919 में हुई थी। साल 2009 में रॉबर्ट एएम स्टर्न आर्किटेक्ट्स और याबू पुशेलबर्ग द्वारा इमारत में कुछ जरूरी बदलाव किए गए।

बता दें कि मुकेश अंबानी के मुंबई स्थित घर एंटीलिया को दुनिया के सबसे महंगी इमारतों में गिना जाता है। कुल 4,532 वर्ग मीटर में फैली यह इमारत कुल 27 मंजिला है। इस घर में दुनिया की तमाम सुविधाओं की चीजें मौजूद हैं।

राजस्थान सरकार का बड़ा ऐलान, बलात्कार और लड़कियों से छेड़छाड़ के आरोपियों को नहीं मिलेगी सरकारी नौकरी

नई दिल्ली (आरएनएस)। राजस्थान सरकार ने फैसला किया है कि महिलाओं से छेड़छाड़, दुष्कर्म के प्रयास और दुष्कर्म के आरोपियों और मनचलों को सरकारी नौकरियों से प्रतिबंधित किया जाएगा। इसके लिए मनचलों का भी पुलिस थानों में हिस्ट्रीशीटरों की तरह रिकॉर्ड रखा जाएगा। राज्य सरकार और पुलिस द्वारा जारी किए जाने वाले इनके कैरेक्टर सर्टिफिकेट में इस बता का उल्लेख किया जाएगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इसका ऐलान करते हुए कहा कि ऐसे तत्वों का सामाजिक बहिष्कार करना आवश्यक है। गहलोत ने देर रात कानून व्यवस्था की बैठक में

अफसरों को आदतन मनचलों के खिलाफ सख्त एक्शन लेने के आदेश दिए हैं।

गहलोत ने कहा कि महिलाओं और कमजोर वर्ग के विरुद्ध अपराधों की रोकथाम हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। सरकारी बयान के अनुसार मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को विशेष अभियान चलाकर मनचलों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। सीएम ने कहा कि छेड़छाड़ में शामिल आदतन मनचलों का अलग से रिकॉर्ड रखा जाएगा और ऐसे लोगों के नाम आरपीएससी, कर्मचारी चयन बोर्ड को भेजे जाएंगे। हालांकि, इसके लिए भर्ती प्रक्रियाओं और सरकारी नौकरी के पात्रता नियमों में बदलाव करना होगा।

गहलोत ने कहा है कि निर्धारित समय से अधिक समय तक खुलने वाले बार और नाइट क्लबों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इन क्लबों के प्रबंधकों के साथ मालिकों की भी जिम्मेदारी तय की जाएगी व नियमों का उल्लंघन करने पर ऐसे क्लबों का लाइसेंस निरस्त किया जाएगा। भीलवाड़ा में नाबालिग से दुष्कर्म व हत्या की घटना को दुखद बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई की है और अपराधियों को जल्द से जल्द सजा दिलवाने के प्रयास किए जा रहे हैं। गहलोत ने कहा कि उक्त घटना को राजनीतिक रंग देने के प्रयास किए जा रहे हैं, जो उचित नहीं है। आधिकारिक बयान के अनुसार बैठक में राज्य के गृह मंत्री राजेन्द्र यादव, मुख्य सचिव उषा शर्मा, प्रमुख शासन सचिव (गृह) आनंद कुमार, पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

ज्ञानवापी में सर्वे करने पहुंची एएसआई टीम, खंगाल रही कोना-कोना

वाराणसी (आरएनएस)। वाराणसी में बुधवार को एएसआई की टीम ज्ञानवापी सर्वे के लिए पहुंच गई है। परिसर का कोना-कोना खंगाला जाएगा। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार 12.30 बजे भोजनावकाश के बाद फिर 2.30 बजे सर्वे दोबारा शुरू किया जाएगा। मंगलवार को शाम पांच बजे सर्वे पूरा होने के बाद एएसआई के अधिकारियों ने बुधवार के लिए टीम को अलर्ट किया।

बता दें कि अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद कमेटी के अधिवक्ता मंगलवार को सर्वे के दौरान नहीं पहुंचे। मस्जिद कमेटी के संयुक्त सचिव एसएम यासीन ने कहा कि सर्वे में अधिवक्ताओं की कोई जरूरत नहीं है। कमेटी की तरफ से हाजी इकबाल, जावेद इकबाल, एजाज मोहम्मद और शमशेर अली सर्वे टीम के साथ मौजूद रहे।

लगभग 30 सदस्यीय टीम आधुनिक उपकरणों के साथ ज्ञानवापी परिसर की बारिकी से जांच कर रही है। अधिकारियों की मानें तो ज्ञानवापी में पश्चिमी दीवार से लगे हुए मलबे के साथ ढेरों पत्थर जमीन पर पड़े हैं। मंगलवार को सर्वे टीम ने इनकी तस्वीरों का मिलान पश्चिमी दीवार पर मिली आकृतियों के साथ किया।

एएसआई ने पूरे परिसर में की शैली को कागजों पर उतारा है। टीम आधुनिक तकनीक पर आधारित फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, मैपिंग व स्कैनिंग की प्रक्रिया को आगे बढ़ाएगी। इसमें एक्सपर्ट के तय होते ही जीपीआर मशीन से सर्वे के लिए अलग टीम वाराणसी आई है।

ग्राउंड पेनेट्रेटिंग रडार (जीपीआर) के लिए आए एक्सपर्ट ने मशीन लगाने की जगहों को चिह्नित करेंगे। टीम 8 से दस जगहों पर निशानदेही करेगी। जिन स्थानों पर जीपीआर मशीन लगाई जाएगी, इसमें चार स्थान सेंट्रल डोम यानि मुख्य तहखाने में तय किए जाएंगे।

इससे पहले व्यास तहखाना में मिली कलाकृतियों, गुंबदों की सीढ़ियों के पास बने कलशनुमा कलाकृति की स्कैनिंग जारी है।

अधिकारियों ने बताया कि टीम ने संरचना, वास्तु शैली को परखने के साथ ही माप की। निर्माण में इस्तेमाल सामग्री की छानबीन की। जानकारी जुटाई कि हर हिस्से के निर्माण में किस तरह की सामग्री इस्तेमाल हुई और किस कालखंड में प्रयोग की गई।

हिंसाग्रस्त नूंह जिले में अब 11 अगस्त तक बंद रहेंगी इंटरनेट सेवाएं

नूंह (आरएनएस)। हरियाणा सरकार ने नूंह जिले में साम्प्रदायिक तनाव को देखते हुए इंटरनेट सेवाएं बंद करने की अवधि को 11 अगस्त रात 12 बजे तक बढ़ा दिया है। इस दौरान जिले में मोबाइल इंटरनेट सेवाओं (2जी, 3जी, 4जी, 5जी, सीडीएमए, जीपीआरएस), सभी एसएमएस सेवाओं (केवल बल्क एसआरवीएमएस और बैंकिंग और मोबाइल रिचार्ज को छोडक़र) और सभी डोंगल सेवाओं को बंद करने का आदेश दिया गया है। केवल वॉयस कॉल चालू रहेंगी।

इस संबंध में गृह विभाग के सचिव टीवीएसएन प्रसाद द्वारा आदेश जारी किए गए हैं। इन आदेशों में कहा गया है कि नूंह उपायुक्त ने जानकारी दी है कि नूंह में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति अभी तनावपूर्ण है। इसी को देखते हुए इंटरनेट सेवाओं को 11 अगस्त तक बंद करने के आदेश दिए हैं। भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम, 1885 की धारा 5 के आधार पर प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, दूरसंचार सेवाओं के अस्थायी निलंबन (सार्वजनिक आपातकाल या सार्वजनिक सुरक्षा) नियम, 2017 के नियम (2) के तहत हरियाणा के सभी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को इस आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया है, ताकि असामाजिक तत्व भडक़ाऊ सामग्री और झूठी अफवाहों को फैलाकर इंटरनेट सेवाओं का दुरुपयोग न कर सकें। व्हाट्सएप, फेसबुक, ट्विटर जैसे विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के माध्यम से गलत सूचना और अफवाहों के प्रसार को रोकने के लिए यह कदम उठाया गया है।

दिल्ली : मायापुरी में फैक्ट्री में लगी आग, दो कांस्टेकबल समेत नौ घायल

नई दिल्ली (आरएनएस)। राष्ट्रीय राजधानी के मायापुरी इलाके में बुधवार को एक फैक्ट्री में आग लगने से दिल्ली पुलिस के दो कांस्टेबल सहित नौ लोग घायल हो गए। अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

दोनों कांस्टेबलों की पहचान रणधीर सिंह (46) और विक्रांत के रूप में हुई है। अन्या घायलों में राकेश, राम निवास, संतोष, हरिचंद, विक्रांत, किशन और इंद्रजीत शामिल हैं।

दिल्ली फायर सर्विसेज (डीएफएस) के निदेशक अतुल गर्ग ने कहा कि मायापुरी फेज-3 में फैक्ट्री में आग लगने के संबंध में रात लगभग 2.05 बजे एक कॉल प्राप्त हुई थी।

उन्हों ने कहा, कुल पांच दमकल गाडिय़ों को घटनास्थल पर भेजा गया। आग पर दो घंटे में काबू पा लिया गया।

डीएफएस प्रमुख ने बताया कि आग सोफा स्प्रिंग्स वाले पैकिंग बॉक्स में लगी, और इमारत के ग्राउंड फ्लोर पर गोंद का एक ड्रम भी फट गया।

गर्ग ने कहा, इमारत में ग्राउंड फ्लोर के अलावा दो और मंजिलें हैं। इसका कुल क्षेत्रफल लगभग 92 वर्ग गज है। घटना में नौ लोग घायल हुए हैं। उन्हें तुरंत डीडीयू अस्पताल ले जाया गया है।

पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) विचित्र वीर ने कहा, इस घटना में सूचना पाकर वहां पहुंचे दो पुलिसकर्मी और तीन आम लोग मामूली रूप से घायल हुए हैं। उन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। उन्होंयने कहा, एक अपराध टीम को मौके पर बुलाया गया। मायापुरी पुलिस स्टेशन में कानून के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया जा रहा है।

बिहार और नेपाल में बारिश से नदियां उफान पर, जलस्तर खतरे के निशान के करीब; कई क्षेत्रों में बाढ़ का खतरा

पटना (आरएनएस)। बिहार के कई जिलों और नेपाल में बारिश से राज्य की प्रमुख नदियों के जलस्तर में वृद्धि हुई है, जिससे निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा पैदा हो गया है। राज्य में बागमती, कोसी, कमला बालान जैसी नदियां उफान पर हैं। इससे उत्तर बिहार में बाढ़ के हालात पैदा हो गए हैं। पटना में गंगा नदी का जलस्तर भी खतरे के निशान के करीब पहुंच गया है। इधर, मौसम विभाग ने राज्य के कई जिलों में बारिश की संभावना जताई है।

बाढ़ नियंत्रण कक्ष के मुताबिक, गंडक नदी पर बने बाल्मिकीनगर बराज पर जलस्तर बुधवार की सुबह

6 बजे 2.86 लाख क्यूसेक था। कोसी नदी के जलस्तर में वृद्धि देखी जा रही है। कोसी नदी पर बने वीरपुर बराज में कोसी का जलस्तर सुबह छह बजे 1.94 लाख क्यूसेक था जो आठ बजे बढक़र 1.95 लाख क्यूसेक पहुंच गया।

इधर, नेपाल में हो रही भारी बारिश की वजह से बिहार में गंगा, बागमती, कमला, गंडक नदी खतरे के निशान को पार कर गई है। सीतामढ़ी में निचले इलाकों में बाढ़ का पानी घुस गया है। पश्चिमी चंपारण और गोपालगंज जिले में तटबंधों की निगरानी बढ़ा दी गई है। बाढ़ नियंत्रण कक्ष के मुताबिक, बागमती नदी ढेंग, सोनाखान, डूबाधार, बेनीबाद सहित कई स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। इधर, कोसी नदी बलतारा और विजय घाट ब्रिज के पास खतरे के निशान को पार कर गई है। गंगा नदी पटना के गांधीघाट और हाथीदह के पास लाल निशान को पार कर गई है। गंडक डुमरीघाट और लालगंज के पास खतरे के निशान से ऊपर बह रही है।